Helpline 1064 | 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बाड़मेर में आर.आर.टी.टी. बीएड कॉलेज के गेस्ट फेकल्टी को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *20 अप्रैल।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल यूनिट, जोधपुर द्वारा आज मंगलवार को बाड़मेर में कार्यवाही करते हुये आर.आर.टी.टी. बीएड कॉलेज, सेड़वा, बाडमेर के गेस्ट फेकल्टी नारणाराम विश्नोई को 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, जोधपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि बीएड प्रशिक्षण की उपस्थिति भेजने की एवज में आर.आर.टी.टी. बीएड कॉलेज, सेड़वा, बाडमेर के निदेशक डॉ. जगदीश विश्नोई द्वारा 20 हजार रुपये रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की स्पेशल यूनिट, जोधपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक श्री संग्राम सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा बाड़मेर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये बीएड कॉलेज के निदेशक डॉ. जगदीश विश्नोई के कहने पर रिश्वत राशि अपने कॉलेज के गेस्ट फेकल्टी नारणाराम को दिलवाई गई। जिस पर नारणाराम पुत्र श्री सूरताराम विश्नोई निवासी ग्राम ढोक, तहसील चौहटन, जिला बाडमेर हाल गेस्ट फेकल्टी आर.आर. टी.टी. बीएड कॉलेज, सेड़वा, बाडमेर को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। निदेशक डॉ. जगदीश विश्नोई की प्रकरण में तलाश की जा रही है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपियों के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल-फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135-02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ-साथ केन्द्र सरकार के